तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपील जीसीएमएस संख्या 2026/111 जयगुरूदेव संगत ट्रस्ट सीकर बनाम राज्य सरकार	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.04.2026	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी की ओर से श्री अश्वनि कुमार महर्षि, एडवोकेट उपस्थित। वकील अपीलार्थी को बहस एडमिशन में न्यायालय हाजा के क्षेत्राधिकार पर सुना गया। वकील अपीलार्थी की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि अपीलान्ट ने जिला कलक्टर सीकर के प्रशासनिक आदेश क्रमांक/भू0अ0/2026/1641–42 दिनांक 18.03.2026 जिसके द्वारा राजस्व रिकॉर्ड में नामान्तरकरण अमल दरामद किये जाने बाबत् प्रार्थना पत्र के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गयी है। उक्त अपील जिला कलक्टर सीकर के प्रशासनिक आदेश दिनांक 18.03.2026 के विरूद्ध प्रस्तुत अपील की सुनवाई का अधिकार न्यायालय हाजा को प्रदत नही है। ऐसी स्थिति में अपील पर अग्रिम कार्यवाही न्यायालय हाजा के स्तर पर संभव नही है। अतः उपरोक्त तथ्यों के परिपेक्ष्य में हस्तगत अपील पर अग्रिम कार्यवाही न्यायालय हाजा के स्तर पर संभव नहीं होने से परिणामतः अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। यदि अपीलार्थी को कोई आपत्ति है तो वे सक्षम न्यायालय में चाराजोही करने के लिये स्वतंत्र है। इस न्यायालय के स्तर से पत्रावली फैसल शुमार नम्बर से कम होकर बाद पूर्ति लेख भण्डार हो। आदेश सुनाया गया। (दीप्ति कछवाहा) अति0 संभागीय आयुक्त जयपुर अति. संभागीय आयुक्त जयपुर	